# समझौता ज्ञापन
# (एमओयू)

**2019-20**

## इस्पात मंत्रालय
## और
## स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड

# विषय-सूची


| क्रम सं. | शीर्षक | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1 | सेल के बारे में संक्षिप्त विवरण | 1-2 |
| 2 | 2019-20 के लिए एमओयू मानदंड और लक्ष्य | 3-5 |
| 3 | प्रवृत्ति विश्लेषण | 6-9 |

# स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के बारे में संक्षिप्त विवरण

1. **प्रस्तावना :-** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) इस्पात मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन महारत्न सीपीएसई है। यह इस्पात एवं उससे संबंधित उत्पादों के विनिर्माण एवं विपणन के लिए 1973 में निगमित की गई थी।

2. सेल भारत में इस्पात बनाने वाली एक अग्रणी कंपनी है। 1973 से 1978 तक, कई इस्पात और मिश्र धातु निर्माण कंपनियों और लौह अयस्क खानों को सेल के प्रचालनों में मिला दिया गया था। वर्तमान में, सेल के पास पांच एकीकृत इस्पात संयंत्र, तीन अलॉय एवं विशेष इस्पात संयंत्र, एक फैरो अलॉय संयंत्र, एक रिफ्रैक्टरी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट हैं एवं सेल रिफ्रैक्टरी कंपनी लिमिटेड (एसआरसीएल) के लिए धारक कंपनी भी है।

3. **सेल का कारोबार क्षेत्र:-** सेल एक पूरी तरह से एकीकृत लौह और इस्पात उत्पादक है, जो सभी प्रमुख गुणवत्ताओं और ग्रेडों के लौह और इस्पात उत्पादों के विनिर्माण, विकास और विपणन में लगा हुआ है। यह घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार के लिए इंजीनियरिंग, निर्माण, बिजली, रेलवे, मोटर वाहन और रक्षा क्षेत्र के लिए बुनियादी और विशेषता वाले इस्पातों, दोनों की व्यापक श्रृंखला का उत्पादन करता है। सेल भिलाई, दुर्गापुर, राउरकेला, बोकारो और बर्नपुर में स्थित पांच एकीकृत इस्पात संयंत्रों एवं सलेम, दुर्गापुर और भद्रावती में स्थित तीन विशेष इस्पात संयंत्रों में फ्लैट्स (हॉट एंड कोल्ड रोल्ड कॉइल एंड शीट, प्लेट्स, गैल्वेनाइज्ड शीट, पाइप्स आदि) और लॉन्ग्स (रेल, स्ट्रक्चरल्स, बार और रॉड्स आदि) जैसे उत्पाद बनाता है। सेल अपने अधिकांश उत्पादों का विपणन एवं बिक्री केंद्रीय विपणन संगठन (सीएमओ) और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रभाग के माध्यम से अन्य देशों में करता है। कच्ची सामग्री प्रभाग सेल की प्रमुख कैप्टिव खानों और खदानों के प्रचालनों का प्रबंधन करता है। लौह अयस्क और फ्लक्स की कैप्टिव खदानें सेल की लौह अयस्क की आवश्यकता और प्रवाह आवश्यकता के पर्याप्त भाग को पूरा करती हैं।

**कारोबार पर्यावरण :-** वर्ष 1992 में स्टील की कीमतों पर नियंत्रण के पश्चात से, सेल पूरी तरह से प्रतिस्पर्धी बाजार में चल रहा है, जिसमें इस्पात और महत्वपूर्ण कच्चे माल की कीमतें वैश्विक बाजार में मांग और आपूर्ति से तय होती हैं। स्वदेशी स्रोतों से कोकिंग कोयले की कम उपलब्धता के कारण इस क्षेत्र में आयातित कोकिंग कोयले की अत्यधिक उतार-चढ़ाव की कीमतें भी सामने आ रही हैं।

वर्ष 2017 की तुलना में वर्ष 2018 के दौरान वैश्विक कच्चे इस्पात का उत्पादन 4.6% तक बढ़ा है। उत्पादन ने एशिया में (5.6% तक), उत्तरी अमेरिका (4.1% की वृद्धि) और सी.आई.एस. (0.3%) वृद्धि दर्शाई है। इस अवधि के दौरान चीन में कच्चे इस्पात का उत्पादन लगभग 7.5% बढ़ा जबकि जापान में लगभग 2.4% और यूरोपीय संघ में 0.3% तक की कमी आई है ।

विश्व इस्पात संघ द्वारा किए गए पूर्वानुमानों के अनुसार, वर्ष 2019 में वैश्विक इस्पात उत्पादन 0.7% तक की वृद्धि के साथ लगभग 1627 मिलियन टन तक पहुंचने की उम्मीद है । यूरोपीय संघ से बाहर के यूरोपीय देशों, उत्तर और दक्षिण अमेरिकी देशों, मध्य पूर्व, अफ्रीका के देशों के लिए लगभग 3-4% की अच्छी वृद्धि का अनुमान लगाया गया है, जबकि यूरोपीय संघ और सीआईएस में आंशिक वृद्धि होने की उम्मीद है। चीन के इस्पात उत्पादन में मंदी की आशंका है ।

विश्व इस्पात संघ ने विकसित देशों के लिए मजबूत आर्थिक दृष्टिकोण का पूर्वानुमान लगाया है, हालांकि व्यापार तनाव, मुद्रास्फीति के बढ़ते दबाव और अमेरिका एवं यूरोपीय संघ की मौद्रिक नीतियों के कसाव के कारण वैश्विक इस्पात की कीमतें अस्थिर रह सकती हैं।

भारत ने वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा कच्चा इस्पात उत्पादक बनने के लिए जापान को पीछे छोड़ दिया है। जेपीसी द्वारा जारी अनंतिम आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान भारत में कच्चे इस्पात का उत्पादन 3.1% तक बढ़ा है और 2017-18 के दौरान 103.13 मिलियन टन के उत्पादन की तुलना में 106.37 मिलियन टन तक पहुंच गया है।

5. सेल की पांच सहायक कंपनियां हैं। अंतर-मंत्रालय समिति (आईएमसी) ने इन सहायक कंपनियों को वर्ष 2019-20 के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने से छूट देने की सिफारिश की है।

**6. पिछले पांच वर्षों के लिए सेल का एम.ओ.यू स्कोर एवं एम.ओ.यू. श्रेणी निम्नवत रही है:**

| वर्ष | स्कोर | रेटिंग |
|---|---|---|
| 2013-14 | 1.483 | उत्कृष्ट |
| 2014-15 | 1.562 | बहुत अच्छा |
| 2015-16 | 79.6* | बहुत अच्छा |
| 2016-17 | 71.03* | बहुत अच्छा |
| 2017-18 | 79.42* | बहुत अच्छा |

* स्कोरिंग पैटर्न में परिवर्तन।

# समझौता ज्ञापन के मानदंड और लक्ष्य

| क्रम सं. | मानदंड | यूनिट | अंक | 2018-19 (अनुमानित) | 5 वर्षों में सर्वोत्तम | 2019-20 के लिए समझौता ज्ञापन के लक्ष्य | | | | | सुधार* (%) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | उत्कृष्ट | बहुत अच्छा | अच्छा | संतोषजनक | खराब | |
| | | | | | | 100% | 80% | 60% | 40% | 20% | |
| i | प्रचालनों से राजस्व (निवल) | करोड़ रुपए | 10 | 68000 | 57494.74 | 79000 | 75000 | 69902 | 66540 | 63496 | 10.29% |
| ii | प्रचालनों (निवल) से राजस्व के प्रतिशत के रूप में प्रचालनात्मक लाभ/अधिशेष | % | 20 | 4.70% | 3.16% | 5.60% | 4.80% | 4.00% | 2.00% | 0.70% | 2.13% |
| iii | कर पश्चात लाभ (पीएटी) अथवा अधिशेष / औसत निवल मूल्य के प्रतिशत के रूप में | % | 20 | 5.8% | 6.3% | 8.5% | 7.5% | 5.0% | 4.0% | 3.0% | 29.31% |
| iv | बिक्री योग्य लौह एवं इस्पात का उत्पादन | 000' टन | 5 | 15548 | 14362 | 17700 | 16500 | 16000 | 15500 | 15000 | 6.12% |
| v | रेल का उत्पादन (यूटीएस90) | 000' टन | 3 | 985 | 985 | 1350 | 1250 | 1200 | 1100 | 1000 | 26.90% |
| vi | पिछले वर्ष की तुलना में कोक दर में कमी | % | 3 | 453 कि.ग्रा./टीएचएम * | 456 कि.ग्रा./टीएचएम * | 3.0% | 2.5% | 2.0% | 1.5% | 1.0% | 2.5% |
| vii | कैपेक्स (एकल) | करोड़ रुपए | 6 | 4200 | 9890 | 4000 | 3790 | 3590 | 3390 | 3190 | |
| viii | वर्ष के दौरान चल रही/पूरी की गई कैपेक्स संविदाओं के कुल मूल्य में हुई समय/लागत के बिना वर्ष के दौरान चल रही/पूरी की गई कैपेक्स संविदाओं/परियोजनाओं के मूल्य का प्रतिशत | % | 4 | 92 | 96.7 | 100 | 95 | 90 | 85 | 80 | |
| ix | परिष्कृत सामानों की सूची और चल रहे कार्य/ प्रचालनों से राजस्व (निवल) | दिनों की संख्या | 4 | 52 | 49 | 47 | 51 | 53 | 55 | 57 | 1.92% |

| क्रम सं. | मानदंड | यूनिट | अंक | 2018-19 (अनुमानित) | 5 वर्षों में सर्वोत्तम | 2019-20 के लिए समझौता ज्ञापन के लक्ष्य | | | | | सुधार* (%) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | उत्कृष्ट | बहुत अच्छा | अच्छा | संतोषजनक | खराब | |
| | | | | | | 100% | 80% | 60% | 40% | 20% | |
| x | ऋण समग्र के रूप में स्वीकार न किए गए कंपनी के विरुद्ध दावों में कमी | % | 3 | 4% (28521 करोड़) | ** | 15.00% | 12.00% | 10.00% | 8.00% | 6.00% | |
| xi | संयुक्त उद्यम (आईसीवीएल को छोड़कर) और सहायक कंपनियों में इक्विटी निवेश पर आय (लाभ/हानि का हिस्सा) | % | 3 | 25.0% | 29.97% | 27.0% | 25.0% | 23.0% | 21.0% | 19.0% | NIL |
| xii क | नीचे दी गई सूची के अनुसार एचआर मानदंडों की उपलब्धि | संख्या | 3 | | | 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | |
| ख | महिला कर्मचारियों हेतु कार्य जीवन संतुलन तथा नेतृत्व विकास के लिए पहलें | पहलों की संख्या | 3 | | | 15 | 14 | 13 | 12 | 11 | |
| ग | कार्यपालकों के लिए उच्चतर पदों हेतु उनकी तकनीकी और प्रबंधकीय क्षमताओं का निर्माण करने के लिए क्षमता विकास कार्यक्रम | कार्यक्रमों की संख्या | 2 | | | 12 | 11 | 10 | 9 | 8 | |
| घ | कार्यपालकों के लिए "विश्राम अवकाश" (Sabbatical Leave) संबंधी नीति तैयार करना और उसका कार्यान्वयन | तिथि | 2 | | | 15.12.19 | 31.12.19 | 15.01.20 | 31.01.20 | 15.02.20 | |
| xiii | पूर्व वर्ष की तुलना में रिपोर्टेबल लॉस्ट टाइम इंजरी फ्रीक्वेंसी रेट (आर एल टी आई एफ आर) में कमी | | 3 | 0.21 आरएलटीआईएफआर | 0.11 आरएलटीआईएफआर | 0.11 | 0.07 | 0.05 | 0.03 | 0.02 | |
| xiv | पिछले वर्ष की तुलना में धमन भट्टी उत्पादकता में सुधार | % | 3 | 1.6 * (टन/एम3/दिन) | 1.7 * (टन/एम3/दिन) | 12.5 | 11.5 | 10 | 8 | 6 | 12.0% |

| क्रम सं. | मानदंड | यूनिट | अंक | 2018-19 (अनुमानित) | 5 वर्षों में सर्वोत्तम | 2019-20 के लिए समझौता ज्ञापन के लक्ष्य | | | | | सुधार* (%) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | उत्कृष्ट | बहुत अच्छा | अच्छा | संतोषजनक | खराब | |
| | | | | | | 100% | 80% | 60% | 40% | 20% | |
| xv | इंटरनेशनल कोल वेंचर्स लिमिटेड की बेंगा खान में कोकिंग कोयले का उत्पादन | मिलियन टन | 3 | 1.02 | 1.02 | 1.90 | 1.60 | 1.40 | 1.20 | 1.10 | 56.86% |

*कुल मूल्य

**सुधार वर्तमान वर्ष के लिए प्रत्याशित वास्तविक लक्ष्यों की तुलना में समझौता ज्ञापन वर्ष के लिए "बहुत अच्छा" स्तर पर निकाला जाएगा।**

| क्रम सं. | मानव संसाधन मानदंडों की सूची नीचे दी गई है |
|---|---|
| 1 | एसीआर/एपीएआर लिखने के संदर्भ में निर्धारित समय-सीमा के अनुपालन सहित सभी कार्यपालकों (ई(0) एवं उससे ऊपर) के संबंध में एसीआर/एपीएआर ऑनलाइन प्रस्तुत करना जारी रखना |
| 2 | वरिष्ठ कार्यपालकों (एजीएम और उससे ऊपर) के लिए ऑनलाइन तिमाही सतर्कता निकासी को अद्यतन करना जारी रखना |
| 3 | उत्तराधिकार योजना का नियमित अद्यतनीकरण और निदेशक बोर्ड द्वारा उसका अनुमोदन |
| 4 | मानव संसाधन लेखापरीक्षा, यदि कोई है, की सिफारिशों का कार्यान्वयन |
| 5 | ऑनलाइन मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (एचआरएमएस) के कार्यान्वयन (ऑनलाइन कर्मचारी डाटा प्रशासन, कर्मचारी स्व-सेवा, एक्जिट प्रक्रिया, प्रतिभा प्रबंधन आदि) का नियमित अद्यतनीकरण तथा उसका वित्त से एकीकरण। |
| 6 | एफआर (56)j की तरह कर्मचारी निष्पादन की समीक्षा एवं कार्यान्वयन तथा वर्ष के अंत में निदेशक बोर्ड को अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करना। |
| 7 | राजपत्रित अधिकारी से दस्तावेजों के सत्यापन की आवश्यकता हटाना। |

1 इस पर सहमति की गई कि आईएमसी द्वारा अंतिम रूप दिए गए लक्ष्य वर्ष 2018-19 के लिए सीपीएसई द्वारा प्रस्तुत अनंतिम/अनुमानित आंकड़ों पर आधारित हैं। वास्तविक परिणामों के अनुसार सीपीएसई के बेहतर निष्पादन के मामले में अंतर को आईएमसी द्वारा वर्ष 2019-20 के लिए लक्ष्यों में जोड़ा जा सकता है। यदि वर्ष 2018-19 के लिए आंकड़े लेखापरीक्षित लेखों में पुनः निर्मित किए जाते हैं/पुनः उल्लिखित किए जाते हैं तो वास्तविक परिणामों की तुलना पुनर्निर्मित/पुनरूल्लिखित आंकड़ों पर आधारित होगी।

2 वर्ष 2019-20 के लिए उपलब्धियां निकालने में, सीएजी/सांविधिक लेखापरीक्षकों की मात्रात्मक योग्यताएं राजस्व/लाभ/अधिशेष के अधिक विवरण अथवा हानि/घाटे के कम विवरण के मामले में समझौता ज्ञापन के दिशा-निर्देशों में निर्धारित नकारात्मक अंकों के अलावा समायोजित की जाएंगी।

3 इस बात पर सहमति की गई कि समझौता ज्ञापन में निर्धारित लक्ष्य शर्तहीन हैं और किसी ऑफसेट की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, मूल्यांकन समझौता ज्ञापन के दिशा-निर्देशों में निहित अतिरिक्त पात्रता मानदंडों के अनुपालन के अध्यधीन होगा।

(अनिल कुमार चौधरी)
**अध्यक्ष, सेल**

(विनय कुमार)
**सचिव, इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार**

# प्रवृत्ति विश्लेषण

| क्रम सं. | वित्तीय निष्पादन मानदंड | यूनिट | लक्ष्य बनाम | 2013-14 | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 अप्रैल-सितंबर | 2018-19 अनमानित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से राजस्व - सकल | करोड़ रुपए | | 52359.65 | 51148.96 | 43875.17 | 49767.10 | 68827.06 | 37845.26 # | 78881.91 # |
| | प्रचालनों से राजस्व - निवल | करोड़ रुपए | वास्तविक | 46682.38 | 45730.36 | 39051.88 | 44452.41 | 57558.46 | 32625.23 | 68296 |
| | | | समझौता ज्ञापन | * | * | * | 41224.00 | 47526.00 | | 59359 |
| 2 | क. कर पूर्व लाभ | करोड़ रुपए | वास्तविक | 3224.55 | 2358.91 | -7007.50 | -4850.86 | -758.94 | 1675.81 | 3269 |
| | ख. अन्य आय | | वास्तविक | 898.61 | 1001.19 | 594.67 | 535.61 | 484.45 | 212.09 | 426 |
| | ग. असाधारण एवं अपवादात्मक मदें | | वास्तविक | 1056.26 | 0.00 | 0.00 | -216.74 | 26.43 | -311.56 | -335 |
| | घ. पूर्व अवधि मदें | | वास्तविक | 150.08 | -88.23 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0 |
| | ङ. प्रचालनात्मक लाभ/हानि (क-ख+/-ग+/-घ) | | वास्तविक | 1119.60 | 1445.95 | -7602.17 | -5169.73 | -1269.82 | 1775.28 | 3178 |
| 3 | क. पीएटी | करोड़ रुपए | वास्तविक | 2616.48 | 2092.68 | -4021.44 | -2833.24 | -481.71 | 1094.12 | 2134 |
| | ख. वर्ष के अंत में निवल मूल्य (ओसीआई को छोड़कर) | | वास्तविक | 42666.35 | 43504.78 | 39290.99 | 36362.66 | 35527.35 | 36807.79 | 37076.06 |
| | ग. औसत निवल मूल्य | | वास्तविक | 41845.50 | 43085.56 | 41397.88 | 37826.83 | 35945.01 | 36167.57 | 36302 |
| | घ. पीएटी/औसत निवल मूल्य | % | वास्तविक | 6.25 | 4.86 | -9.71 | -7.49 | -1.34 | 3.03 | 5.88 |
| | | | समझौता ज्ञापन | * | * | * | * | * | | * |
| | ङ. प्रदत्त शेयर पूंजी | करोड़ रुपए | वास्तविक | 4130.53 | 4130.53 | 4130.53 | 4130.53 | 4130.53 | 4130.53 | 4130.53 |
| | च. भारत सरकार का हिस्सा | % | वास्तविक | 80% | 75% | 75% | 75% | 75% | 75% | 75% |
| | छ. ओसीआई सहित आरक्षित एवं अधिशेष (डीआरई का निवल) | करोड़ रुपए | वास्तविक | 38535.82 | 39374.00 | 35065.00 | 31878.53 | 31583.14 | 32720.66 | 32946 |
| 4 | कुल व्यय (उत्पाद शुल्क को छोड़कर) | करोड़ रुपए | वास्तविक | 45562.78 | 44284.41 | 46654.05 | 49622.14 | 58828.28 | 30849.95 | 65118 |
| 5 | कुल आय (उत्पाद शुल्क को घटाकर) | | वास्तविक | 47580.99 | 46731.55 | 39646.55 | 44988.02 | 58042.91 | 32837.32 | 68722 |
| 6 | कुल व्यय / कुल आय | % | वास्तविक | 95.76 | 94.76 | 117.67 | 110.30 | 101.35 | 93.95 | 94.76 |
| 7 | अन्य आय का ब्योरा | करोड़ रुपए | | | | | | | | |
| | क. ब्याज | | वास्तविक | 584.13 | 475.10 | 345.02 | 147.29 | 166.09 | 100.12 | 195 |
| | ख. लाभांश | | वास्तविक | 124.91 | 103.00 | 70.85 | 91.93 | 76.16 | 11.97 | 60 |
| | ग. अन्य आय | | वास्तविक | 172.37 | 423.09 | 178.80 | 296.39 | 242.20 | 100.00 | 170 |
| | घ. कुल | | वास्तविक | 881.41 | 1001.19 | 594.67 | 535.61 | 484.45 | 212.09 | 426 |

# प्रवृत्ति विश्लेषण

| क्रम सं. | वित्तीय निष्पादन मानदंड | यूनिट | लक्ष्य बनाम | 2013-14 | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 अप्रैल-सितंबर | 2018-19 अनुमानित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | क. नकद एवं बैंक शेष तथा उसके समतुल्य | करोड़ रुपए | वास्तविक | 2855.95 | 2305.24 | 297.96 | 289.09 | 254.06 | 203.18 | 203.18 |
| | ख. म्युच्युअल फंडों में निवेश | करोड़ रुपए | वास्तविक | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0 | 0 |
| | ग. सहायक कंपनियों/संयुक्त उद्यमों को छोड़कर शेयरों में निवेश | करोड़ रुपए | वास्तविक | 12.19 | 68.47 | 68.90 | 71.91 | 80.71 | 137.48 | 137.48 |
| | घ. कुल (क+ख+ग) | करोड़ रुपए | वास्तविक | 2868.14 | 2373.71 | 366.86 | 361.00 | 334.77 | 340.66 | 340.66 |
| | ङ. नकद जमा/ओवर ड्राफ्ट ऋण/ अल्पावधि ऋण | करोड़ रुपए | वास्तविक | 10634.48 | 14195.16 | 15530.31 | 20181.00 | 12205.00 | 12273 | 12273 |
| | च. चालु खाते में शेष | करोड़ रुपए | वास्तविक | 5.03 | 1.87 | 2.21 | 10.76 | 1.81 | 5.59 | 5.59 |
| 9 | लाभांश कर को छोड़कर, वर्ष के लिए प्रदत्त/ घोषित लाभांश | करोड़ रुपए | वास्तविक | 834.35 | 826.10 | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |

टिप्पणीः प्रवृत्ति चालू वर्ष अर्थात उस वर्ष के पूर्व वर्ष, जिसके संबंध में लक्ष्यों की बातचीत की जा रही है, के प्राक्कलनों तथा पूर्व पांच वर्षों (लेखापरीक्षित) की वास्तविक आंकड़ों हेतु दी जाएगी।

# परिचालन से राजस्व (सकल) का अनुमान पिछले साल के प्रतिशत के अनुसार जीएसटी जोड़ने के बाद लगाया गया है

उल्लिखित समझौता ज्ञापन का लक्ष्य बहुत अच्छा स्तर (एल-2) के लिए है।
* वर्ष के दौरान समझौता ज्ञापन मानदंड नहीं था।

# प्रवृत्ति विश्लेषण

| निष्पादन मानदंड | यूनिट | लक्ष्य बनाम वास्तविक | 2013-14 | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 अप्रैल-सितंबर | 2018-19 अनुमानित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रत्येक उत्पाद (बिक्री योग्य इस्पात) के संबंध में संस्थापित क्षमता | मिलियन टन | वास्तविक | 11.23 | 11.23 | 14.86 | 16.00 | 16.00 | 8.47 | 17.87 |
| प्रत्येक उत्पाद (बिक्री योग्य इस्पात) के लिए क्षमता उपयोग | % | वास्तविक | 115% | 114% | 83% | 87% | 88% | 84% | 83% |
| | | समझौता ज्ञापन | * | * | * | * | * | * | * |
| बिक्री में प्रत्येक उत्पाद का योगदान | % | योगदान उत्पाद, आकार, रसायन, यांत्रिक गुणधर्म, उत्पादित इस्पात के आकारों और बाजार स्थान (निर्यात बनाम घरेलू) में व्यापक रूप से भिन्न है। | | | | | | | |
| प्रचालनों से राजस्व (निवल) के प्रतिशत के रूप में निर्यात | % | वास्तविक | 3.27 | 3.49 | 1.45 | 4.06 | 4.04 | 4.74% | 4.53% |
| | | समझौता ज्ञापन | * | * | * | * | 4.5% | 3.8% | 3.8% |
| कोक दर | कि.ग्रा./टी एचएम | वास्तविक | 513 | 504 | 489 | 473 | 456 | 464.0 | 453.0 |
| | | समझौता ज्ञापन | * | * | 512 | पूर्व वर्ष की तुलना में 1% कमी | पूर्व वर्ष की तुलना में 1% कमी | पूर्व वर्ष की तुलना में 0.75% कमी | |
| आरएंडडी, नवीकरण, प्रौद्योगिकी उन्नयन मानदंड | | वास्तविक | इन वर्षों के दौरान लिए गए आरएंडडी मानदंडों में आरएंडडी व्यय, आरएंडडी परियोजनाओं की संख्या, विकसित किए गए नए उत्पादों की संख्या, दायर किए गए पेटेंट आदि शामिल हैं। | | | समझौता ज्ञापन में आरएंडडी मानदंड नहीं | | | |
| | | समझौता ज्ञापन | | | | | | आरएसपी के एसएमएस-2 के कास्टर-3 से उत्पादित स्लैब में लम्बवत मिडफेस क्रेकों में कमी (एल-2 लक्ष्य 2.5%) | |
| कैपेक्स (संयुक्त उद्यमों ) में निवेश को छोड़कर) | करोड़ रुपए में | वास्तविक | 9890 | 6443 | 5830 | 4878 | 5090 | 2324 | 4200 |
| | | समझौता ज्ञापन | 10000 | 8000 | 6500 | 3500 | 3400 | 1700 | 3500 |
| (कैपेक्स के कुल मूल्य में हुए समय और लागत के बिना चल रही/पूरी की गई कैपेक्स परियोजनाएं ) | % | वास्तविक | 96.7 | 93.2 | # | 89 | 19% | 92 | 92% |
| | | समझौता ज्ञापन | # | | | 90 | 90 | 95 | 95 |
| परिष्कृत उत्पादों की मालसूची और चल रहे कार्य | करोड़ रुपए | | 8972 | 10615 | 9941 | 9807 | 7644 | 8880 | 9550 |
| प्रचालनों से राजस्व (निवल) के दिवसों की संख्या के अनुसार परिष्कृत उत्पादों की मालसूची और चल रहे कार्य | दिनों की संख्या | वास्तविक | 70 | 85 | 93 | 81 | 48 | 50 | 51 |
| | | समझौता ज्ञापन | # | | | | 84 | 70 | 70 |
| व्यापार प्राप्य | करोड़ रुपए | वास्तविक | 5482 | 3586 | 3143 | 2922 | 3870 | 3829 | 4350 |

# प्रवृत्ति विश्लेषण

| निष्पादन मानदंड | यूनिट | लक्ष्य बनाम वास्तविक | 2013-14 | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 अप्रैल-सितंबर | 2018-19 अनुमानित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रचालनों से राजस्व (निवल) के दिवसों की संख्या के अनुसार व्यापार प्राप्य | दिन | वास्तविक | 43 | 29 | 29 | 24 | 25.0 | 21 | 23 |
| | | समझौता ज्ञापन | * | * | * | # | 24 | 26 | 26 |
| ऋण के रूप में न माने गए कंपनी के विरुद्ध दावेः- | करोड़ रुपए में | वास्तविक | 19966 | 23902 | 32873 | 36905 | 26917 | 27690 | 28521 |
| कुल | | समझौता ज्ञापन | * | * | * | * | पिछले वर्ष की तुलना में 4% कमी | आदि शेष में 3.5% कमी | |
| संयुक्त उद्यमों और सहायक कंपनियों (आईसीवीएल को छोड़कर) में निवेश पर आय (लाभ/हानि का हिस्सा) | % | वास्तविक | 20.83% | 17.80% | 17.95% | 29.97% | 26.69% | ** | 25.0% |
| | | समझौता ज्ञापन | * | | | # | # | ** | 23.0% |
| धमन भट्टी उत्पादकता | टी/एम3/ दिन | वास्तविक | 1.58 | 1.56 | 1.58 | 1.67 | 1.70 | 1.58 | 1.60 |
| सुरक्षाः रिपोर्टेबल लॉस्ट टाइम इंजरी फ्रीक्वेंसी रेट (आरएलटीआईएफआर) | आरएलटी आईएफ आर | वास्तविक | 0.23 | 0.27 | 0.20 | 0.11 | 0.17 | 0.12 | 0.21 |
| इंटरनेशनल कोल वेंचर्स लिमिटेड की बेंगा खानों में कोकिंग कोयले का उत्पादन | मिलियन टन | वास्तविक | लागू नहीं | 0.47 | 1.02 | 0.03 | 0.08 | 0.65 | 1.02 |

* वर्ष के दौरान एमओयू मानदंड नहीं था।

** सेल के कुछ संयुक्त उद्यम तिमाही/छमाही लेखे प्रकाशित नहीं करते।

# एमओयू मानदंड वर्तमान स्वरूप में नहीं था।

वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए एनटीपीसी सेल पावर कंपनी लिमिटेड के लाभ में इंड एएस लेखांकन में परिवर्तन, प्रशुल्क में संशोधन संबंधी सीईआरसी के आदेश, मैट क्रेडिट वापसी और दादरा एवं नगर हवेली (डीएनएच) को आबंटित विद्युत के अनुपयुक्त हिस्से के व्यापार के कारण बढ़े हुए लाभ के कारण लगभग 140 करोड़ रुपए तक का असामान्य लाभ और इंड एएस लेखांकन में परिवर्तन के कारण बोकारो पावर सप्लाई कंपनी लिमिटेड के लिए लगभग 10 करोड़ रुपए शामिल हैं। इनकी भावी वर्षों के दौरान उम्मीद नहीं है।